वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 18 अक्टूबर 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

ज्ञात-अज्ञात हुतात्माओं के सर्वेक्षण के लिए गाँव गाँव जाएगी अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक 18 अक्टूबर को रानी सती मंदिर, गांधी मैदान, पटना में सम्पन्न हुई। आगामी वर्ष के महत्वपूर्ण निर्णय इस बैठक में लिए गए। आगामी महत्वपूर्ण योजनाओं में अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति ने तय किया है कि देश भर के गाँव-गाँव में जाकर, वीर हुतात्माओं का सर्वेक्षण किया जाएगा।

ज्ञात हो कि इस वर्ष 15 अगस्त को अभाविप ने देश भर में 1,09,635 स्थानों पर ध्वजारोहण करके देश में स्वाधीनता के इस पर्व को जन जन तक ले जाने का काम किया है। वर्ष भर भी हर माह में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे इंटर्नशिप, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता तथा तिरंगा यात्रा आदि का आयोजन भी देश भर में किया जाएगा।

अभाविप का 67वाँ अधिवेशन जबलपुर में 24-26 दिसम्बर में होना तय हुआ है। देश भर से प्रमुख कार्यकर्ता कोरोना के नियमों का पालन करते हुए अधिवेशन में शामिल होंगे। हर वर्ष प्रा० यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार भी समाज में प्रभावशाली कार्य करने वाले युवा को अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन में दिया जाता है। इस वर्ष के आवेदन के लिए भी अभाविप ने जानकारी साझा की है। अभाविप की यात्रा पर आने वाली पुस्तक "ध्येय यात्रा" का कार्य भी अंतिम चरण में है और शीघ्र ही उसका विमोचन किया जाएगा।

प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा “भारत के स्वाधीनता में बहुत से वीरों की सहभागिता रही है जिनका इतिहास कहीं ना कहीं लुप्त करने का प्रयास किया गया है। स्वाधीनता के इस अमृत वर्ष में अभाविप ऐसे सभी सैनिकों के बलिदान को नागरिकों के सामने लाने का प्रयास करेगी।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गई है।)